बाल सत्संग वर्कशॉप (सेक्टर 20, किसननगर , ठाणे)

दिनांक - 11-03-2018

समय - सुबह 9:30 से 12:30 तक

पता - संत निरंकारी भवन , वागले इस्टेट , ठाणे (प) 400604

प्रमुख उपस्थिति - आ. रूपाली शिंदे जी (अंबरनाथ)

यह बाल सत्संग वर्कशॉप संत निरंकारी मंडल द्वारा दिए गए सिलेबस के अनुसार आयोजित हुआ। जिस मे बालसत्संग के बच्चों को परिक्षा पुर्व तैयारी के लिए मार्गदर्शन कीया गया तथा संत निरंकारी मिशन के पाँच सिद्धांत और ब्रम्हज्ञान इस विषय पर जानकारी दी गयी। उसी के साथ साथ बालसंगत के बच्चों से ही उनके जीवन के अनुभव बच्चों के साथ साँझा किया गया।

८ साल से कम उम्र के बच्चों के लिए पांच प्रण की प्रतीयोगीता का आयोजन किया गया।

१ दिन पूर्व ही सत्संग भवन पर बच्चों के लिए कहानी प्रतीयोगीता का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी आयु के बच्चों ने भाग लिया साथ ही मंगलाचरण , धुनी और सेवादल प्रार्थना का सामुहिक गायन कराया गया । आदरणीय बहन रूपाली शिंदे जी की अध्यक्षता में यह वर्कशॉप हुआ और उन्होंने अपने विचारों मे बच्चों को बालसत्संग का महत्व समझाया तथा हर काम मे निरंकार को आगे रखकर कार्य करने के लिए प्रेरणा दी। इसी प्रकार माता पिता ने भी बच्चों मे प्यारवाली भावना जागृत करे ताकी उनका जीवन भी आनंदमय हो |

इस वर्कशॉप मे लगभग १७० से भी अधिक बच्चों ने भाग लिया। इस वर्कशॉप मे बालसत्संग इंचार्ज और सेवादल अधिकरी भी उपस्थित थे।